टूटी हुई कश्ती का तूफ़ान में किनारा है

टूटी हुई कश्ती का तूफ़ान में किनारा है,
मेरा बाबा खाटू वाला हारे का सहारा है,
मेरा बाबा खाटू वाला हारे का सहारा है

हम खड़े हैं राहों में तुम ले लो पनाहों में,
दुनियाँ में सिवा तेरे अब कौन हमारा है,
मेरा बाबा खाटू वाला हारे का सहारा है

कुछ और कहें क्या हम जितना भी कहें हैं कम,
भक्तों की नजर में तू एक आँख का तारा है,
मेरा बाबा खाटू वाला हारे का सहारा है

जब नाम लिया तेरा बन गया काम मेरा,
बलजीत पे जो भी है सब दिया तुम्हारा है,
बलजीत पे जो भी है उपकार तुम्हारा है,
मेरा बाबा खाटू वाला हारे का सहारा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22196/title/tuti-hui-kashti-ka-toofan-me-kinara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |